# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024


**रायपुर की ऐसी कामयाबी**

- राज्य में सबसे स्वच्छ शहर का तमगा रायपुर को
- गारबेज फ्री सर्टिफिकेशन में फाइव स्टार पाने वाले देश के 10 शहरों में से एक रायपुर
- छत्तीसगढ़ का पहला वाटर प्लस सिटी बना
- 1 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले 446 शहरों में मिला 12 वा रैंक ।
- 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में पिछले वर्ष का 11 रैंक यथावत।

**बड़ी उपलब्धि** राष्ट्रपति के हाथों सीएम साय और उप मुख्यमंत्री साव ने ग्रहण किया पुरस्कार

# सफाई में छग को देश में तीसरा स्थान

## रायपुर और पाटन समेत पांच शहरों को भी तमगा

छत्तीसगढ़ देश का तीसरा सबसे स्वच्छ राज्य बन गया है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बाद देश के तीसरे सबसे साफ-सुथरे राज्य का दर्जा मिला है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश की इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

**खास खबर**

इसी कार्यक्रम में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सचिव मनोज जोशी और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की निदेशक रूपा मिश्रा भी समारोह में शामिल हुईं। स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के पांच नगरीय निकायों रायपुर, महासमुंद, कुम्हारी, आरंग और पाटन को भी समारोह में पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम की पहली खबर हरिभूमि ने पिछले शनिवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश और नगरीय निकायों की इस उपलब्धि पर संबंधित निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समन्वयकों तथा स्वच्छता दीदियों को बधाई और शभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इनके उत्कृष्ट कार्यों के कारण प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित होने का मौका मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य के शहरों ▸▸| शेष पेज 8 पर





### सीएम के दोनों सचिव भी हुए शामिल

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हर साल देश के सभी शहरों एवं राज्यों के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत शहरी स्वच्छता का आकलन किया जाता है। राज्यों एवं शहरों की रैंकिंग जारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों तथा शहरों को पुरस्कृत किया जाता ▸▸| शेष पेज 8 पर

**इसलिए मिला दर्जा**

शहरों को स्वच्छ रखने प्रदेश में हो रहे लगातार अच्छे कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ को देश के तीसरे सबसे स्वच्छ राज्य का दर्जा मिला है। स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणामों के मुताबिक गारबेज फ्री सिटी के अंतर्गत प्रदेश के दो शहरों को फाइव स्टार रेटिंग, 23 शहरों को थ्री स्टार रेटिंग और 47 शहरों को सिंगल स्टार रेटिंग मिला है। राज्य में ओडीफ प्लस प्लस वाले 164, ओडीफ प्लस वाला एक और ओडीएफ वाले तीन शहर हैं। प्रदेश के एक नगरीय निकाय को वाटर प्लस का दर्जा मिला है।

### महासमुंद, आरंग कुम्हारी और पाटन भी पुरस्कृत

महासमुंद नगर पालिका को पूर्वी जोन में 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। देश के पूर्वी जोन में कुम्हारी नगर पालिका को 25 हजार से 50 हजार तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में और आरंग नगर पालिका को 15 हजार से 25 हजार तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। पाटन नगर पंचायत को एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में देश के दूसरे सर्वाधिक स्वच्छ शहर के लिए पुरस्कृत किया गया है। ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त पाटन को गारबेज फ्री सिटी में फाइव स्टार रैंकिंग मिला है। सर्वे में रायपुर नगर निगम को एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। गारबेज फ्री सिटी में रायपुर को फाइव स्टार रेंटिंग प्राप्त हुआ है।


पंद्रहवीं पुण्यतिथि

Symbol of Trust
at
Since 1957

आपके पदचिन्हों ने प्रकाश स्तंभ बनकर हमें राह दिखाई ।
सफलता मिलती गई और यही सच्चाई हमको समझ आई ।।



स्व. जसराज जी बरड़िया
(1935-2009)

दिव्य ज्योतिपुंज, परमार्थ दीपक, स्नेह मूर्ति,
पुण्य प्रेरणास्त्रोत और कर्म सिद्धांतों के अधिष्ठाता को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि ।

श्रद्धावनत् : तिलोकचंद, शांतिलाल, अशोक कुमार

समस्त बरड़िया परिवार एवं at ग्रुप

अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स

| रायपुर | रायपुर | रायपुर | रायपुर | बिलासपुर | कोरबा | गोंदिया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार | अनूप प्लाजा, सदर बाजार | नई कपड़ा मार्किट, पंडरी | मेफेयर | लिंक रोड, सी.एम.डी. चौक | पावर हाउस रोड | गाँधी प्रतिमा के पास |
| 0771-2225363 | 88177-10111 | 0771-4047111 | 95758-10111 | 94255-02214 | 9340062090 | 07182-232262 |

फैक्टरी : मुंबई, (गोरेगांव-अंधेरी) । कोलकाता । रायपुर

ATUL



# रामलला को लेकर दीवानगी, करीब 400 प्रतिशत हवाई सफर महंगा



22 जनवरी 2024 को देश में एक बार फिर दिवाली मनाई जाएगी। 500 से ज्यादा सालों से टेंट में रह रहे भगवान राम को अपने घर यानी भव्य राम मंदिर में विराजा जाएगा। 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने का अनुमान है।

**30 हजार रुपए पहुंचा अयोध्या का फ्लाइट टिकट**

**20 जनवरी की बेंगलुरू फ्लाइट में आया जबरदस्त उछाल**

**19, 20, 21 जनवरी को फ्लाइट टिकट मिल रहे सबसे महंगे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईटी हब बेंगलुरू से भी रामलला के दर्शन के लिए भारी संख्या में रामभक्त पहुंचेंगे। यही वजह है कि राम जन्मभूमि मंदिर यानी अयोध्या जाने वाली फ्लाइट्स के दामों में काफी इजाफा हो गया है। 20 जनवरी को बेंगलुरू से अयोध्या के लिए सबसे सस्ती फ्लाइट टिकट का दाम फिलहाल 24,000 रुपये है। खास बात है कि रामलला की दीवानगी ऐसी है कि वीकेंड पर अधिकतर फ्लाइट टिकट सोल्ड आउट हैं और आर्टिकल लिखे जाने तक चुनिंदा सीटें ही बाकी बची हैं।

### फ्लाइट टिकट में 395 प्रतिशत का इजाफा

बात करें 20 जनवरी की तो करीब 395 प्रतिशत के इजाफे के साथ फ्लाइट टिकट का दाम 29,700 रुपये तक पहुंच गया। यह फ्लाइट बेंगलुरू एयरपोर्ट से दोपहर 1 बजे उड़ेगी और अहमदाबाद में 5 घंटे के लेओवर के साथ रात 11 बजे अयोध्या पहुंचेगी। आपको बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चुनिंदा वीवीआईपी लोगों को ही न्यौता दिया गया है। लेकिन दूर-दराज से आने वाले लोग पहले से ही अयोध्या पहुंचने का कार्यक्रम बना चुके हैं।



### 30 दिसंबर को उद्घाटन

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 दिसंबर 2023 को पीएम मोदी ने किया था। ऑपरेशन शुरू होने के समय अयोध्या के लिए फ्लाइट टिकट का दाम करीब 6000 रुपये के आसपास था। और फरवरी के आखिर में भी फ्लाइट टिकट इसी दाम पर दिख रहा है। लेकिन 19-21 जनवरी के बीच भारी मांग को देखते हुए फ्लाइट सर्विस खासी महंगी हो गई हैं।

### अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

*__लखनऊ।__ अयोध्या में श्री राम के दर्शन-पूजन के इच्छुक श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिलेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद - अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के बाद अयोध्या से जुड़ने वाला अहमदाबाद दूसरा प्रमुख शहर है। इसके बाद 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा शुरू होगी।*

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट से राकांपा नेता नवाब मलिक को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक की अंतरिम जमानत छह महीने के लिए बढ़ा दी है। ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से मलिक की याचिका का विरोध नहीं किया गया। इसके बाद जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई जमानत की अवधि बढ़ा दी।

### सीएम मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर



**चंडीगढ़।** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को मुक्तसर अदालत में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर कर दिया है। सुखबीर बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बादल परिवार के खिलाफ लगातार झूठे बयान दे रहे हैं। जिस कारण उन्होंने आज मुख्यमंत्री के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस दायर किया है।

### समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू : रेल मंत्री वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किलोमीटर में से 270 किलोमीटर के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट का काम समय पर है। मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। वैष्णव ने बताया कि इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम भी तेजी से जारी है। दो पुलों का काम पूरा भी हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर ही है।

### भाजपा नेता अन्नामलाई के खिलाफ केस दर्ज



**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की बीती 8 जनवरी को एक चर्च में जाने को लेकर ईसाई समुदाय के युवाओं से तकरार हुई थी। अब इस मामले में धर्मपुरी पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। धर्मपुरी पुलिस ने भाजपा नेता के अन्नामलाई के खिलाफ धर्मपुरी जिले के बोम्मीडी पुलिस स्टेशन में धारा 153(ए), 504, 505(2) के तहत मामला दर्ज किया है। अन्नामलाई पर दो समूहों के बीच धार्मिक आधार पर शत्रुता बढ़ाने के आरोप लगे हैं।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर आ रहे लगातार व्यावधान

# अब असम सरकार का 'अड़ंगा' नहीं दी रात्रि विश्राम की इजाजत

*कांग्रेस की भारत न्याय जोड़ो यात्रा को लेकर लगातार व्यावधान आ रहे हैं। मणिपुर सरकार से पहले जहां इसको लेकर इजाजत नहीं मिल पा रही थी वहीं अब असम सरकार ने रात्रि विश्राम की इजाजत देने से इंकार कर दिया है। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने ही दी है।*

**कांग्रेस ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का लगाया आरोप**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होनी है यह यात्रा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि असम की सरकार ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को दो जिलों में रात्रि विश्राम की इजाजत नहीं दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम में विपक्ष के नेता देबब्रता सैकिया ने बताया कि पार्टी अब यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए वैकल्पिक जगह की व्यवस्था कर रही है। इसके लिए निजी प्रॉपर्टी में रात्रि विश्राम की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है, जहां राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता रात्रि विश्राम कर सकेंगे।




### 20 मार्च को मुंबई में समापन

राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होनी है। वहीं यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा। असम में 18-25 जनवरी के बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलेगी। सैकिया ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने भारत की आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी, वह अब देश पर शासन कर रही है। वह नहीं चाहते कि लोगों की समस्याएं उजागर हो।

### स्थल बदलने पर मिली मणिपुर सरकार से सशर्त मंजूरी

मणिपुर सरकार ने न्याय यात्रा को बुधवार को सशर्त इजाजत दी। कांग्रेस की तरफ से हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए संपर्क करने के 8 दिन बाद मिली। इंफाल ईस्ट जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने आदेश में कहा, "किसी भी अप्रिय घटना और कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को रोकने के लिए 14 जनवरी को केवल सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति दी गई है। प्रतिभागियों की संख्या और नाम इस कार्यालय को पहले ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे ताकि यह कार्यालय सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने में सक्षम हो सके। इससे पहले कांग्रेस ने दावा किया था कि मणिपुर सरकार ने इंफाल के पैलेस ग्राउंड से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

### 'भाजपा हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का कर रही हनन'

सैकिया ने कहा कि 'हमने धेमाजी जिले में गोगामुख में स्कूल के मैदान पर रात्रि विश्राम के लिए अपने कंटेनर वाहनों को पार्क करने की इजाजत मांगी थी। शुरुआत में इजाजत दे दी गई थी लेकिन अंतिम समय में इस मंजूरी को वापस ले लिया गया। इसी तरह जोरहाट में एक कॉलेज के खेल मैदान पर रात्रि विश्राम की मांग की गई थी, लेकिन सरकार ने वहां भी इजाजत नहीं दी। भाजपा हमारे मार्च करने के लोकतांत्रिक अधिकार का हनन कर रही है।

### खड़गे ने भी साधा निशाना

कांग्रेस का कहना है यह यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों पर केंद्रित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए संसद का दरवाजा बंद कर दिया है, इसलिए लोगों की आवाज उठाने के मकसद से यात्रा निकालनी पड़ रही है।

*मणिपुर में सुधर नहीं रहे हालात*

# गोलीबारी के बाद लापता हुए तीन मैतेई लोगों की हत्या



एजेंसी ▶▶| इंफाल

हिंसाग्रस्त मणिपुर में हालात नहीं सुधर रहे हैं। यहां तीन मैतेई लोगों की फिर हत्या हो गई है। कुकी उपद्रवियों का यह काम है। गुरुवार को जंगल में जलाने की लकड़ी लेने गए लापता हुए चार लोगों में से तीन चुराचांदपुर जिले में मृत पाए गए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के चार लोग बुधवार दोपहर चुराचांदपुर में पास की पहाड़ियों में जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान लापता हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, इनकी पहचान इबोम्चा सिंह, आनंद सिंह और रोमेन सिंह के रूप में हुई है। लापता व्यक्ति की तलाश जारी है, जिसकी पहचान दारा सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि तीनों की कुकी उपद्रवियों ने हत्या कर दी है।

### बुधवार को हुई थी गोलीबारी

उल्लेखनीय है कि बुधवार शाम करीब 3:25 बजे चुराचांदपुर और बिष्णुपुर के सीमावर्ती गांव हाओतक फेलेन में कुकी और मैतेई उपद्रवियों के बीच गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी का कारण कुकी के गांव हाओतक फेलेन के जंगल में मैतेई समुदाय के लोगों की ओर से पेड़ों की कटाई के कारण हुई। इस बीच मणिपुर कुंबी विधानसभा क्षेत्र के चार लोग लापता हो गए। चारों पहाड़ी के पास लकड़ी लेने गए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि उन्हें बंदी बनाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर जवाबी कार्रवाई शुरू की, तो हमलावर गोलीबारी बंद करने पर मजबूर हो गए।

### कुकियों ने बम से किया हमला

बताया जा रहा है कि कुंबी हाओतक इलाके में मैतेई लोगों पर कुकी उपद्रवियों ने बम से हमला किया। इसके बाद घबराए लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली. पास में तैनात सुरक्षा बलों ने जब जवाबी कार्रवाई की, उसके बाद कुकियों की ओर से फायरिंग बंद हुई। दूसरी तरफ कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया। इस वीडियों में उन्होंने बताया है कि बिष्णुपुर लमका सीमा में कुकी लोगों ने चार हमलावरों को मार गिराया है।

# बंगाल पुलिस को बड़ा झटका, ईडी के खिलाफ जांच पर लगाई गई रोक

**कोलकाता हाईकोर्ट ने लिया एक्शन**



**कोलकाता।** बंगाल पुलिस को कोलकाता हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोलकाता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ बंगाल पुलिस की जांच पर 31 मार्च तक रोक लगा दी है। दरअसल, ईडी ने संदशखाली केस के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस की एफआईआर के खिलाफ कोलकाता हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में अदालत से एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। जांच पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को केस डायरी अदालत के सामने पेश करने का आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। राशन घोटाला मामले में बीते दिन पश्चिम बंगाल के संदेशखली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर ग्रामीणों की भीड़ ने हमला कर दिया था।

### अदालत से हस्तक्षेप की मांग

इस मामले में ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ से संपर्क किया और अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी। केंद्रीय एजेंसी ने अपनी याचिका में कहा था कि हालांकि उसे अभी तक एफआईआर की प्रति नहीं मिली है, लेकिन पुलिस अधिकारी उसके अधिकारियों के बयान दर्ज करने के लिए उसके कार्यालय का दौरा कर रहे हैं।

### आरोपी की तरफ से भी एफआईआर

इस मामले में एक एफआईआर आरोपी टीएमसी नेता के एक सहयोगी की शिकायत पर ईडी के खिलाफ दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ईडी के अधिकारियों ने बिना कोई तलाशी वारंट दिखाए और कानून का उल्लंघन करते हुए टीएमसी नेता के आवास में जबरन घुसने की कोशिश की।

### हमले के पांच दिन बाद भी शाहजहां का सुराग नहीं

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बीते शुक्रवार को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के बाद से तृणमूल नेता शाहजहां शेख फरार है। जांच एजेंसियां उसकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी वह कानून की गिरफ्त से बाहर है। संदेशखाली के 'राजा' का पता अब तक जांच एजेंसी ईडी या राज्य पुलिस नहीं लगा सकी है। इस बीच, आयकर विभाग ने शाहजहां की अकूत संपत्ति की स्थिति जानने के लिए जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक शाहजहां तक पहुंचने के लिए ईडी का सहयोग करने के लिए बीएसएफ और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी एनआईए मैदान में उतर चुकी है। ईडी को आशंका है कि शाहजहां नदी के रास्ते बांग्लादेश भाग सकता है। इस संबंध में बीएसएफ को सतर्क कर दिया गया है।

*अवैध खनन मामला*

## हरियाणा, झारखंड में छापा 2.12 करोड़ नकदी जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन के मामले में हरियाणा, चंडीगढ़ और झारखंड में आठ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि



मंगलवार को अवैध खनन के मामले में तिरुपति रोडवेज कंपनी, गुरप्रीत सिंह सभरवाल, लखमीर सिंह सभरवाल, प्रदीप गोयल, मोहित गोयल और अन्य के परिसरों पर तलाशी ली गई। छानबीन के दौरान 2.12 करोड़ रुपये नकद, चल-अचल संपत्तियों के कागजात और बैंक लॉकर मिले हैं। ईडी ने कहा कि मौके से मिला कैश, डिजिटल उपकरण और संपत्तियों के कागजात को जब्त कर लिया गया है। पंचकूला के रत्तेवाली गांव में अवैध खनन के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की।

*अपने मासूम की 'कातिल' सीईओ सूचना सेठ का कुबूलनामा!*

# पति जैसा दिखता था बेटा बार-बार दिलाता उसकी याद

एजेंसी ▶▶| गोवा

गोवा में 4 साल के बेटे की हत्या करने वाली एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ को लेकर जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी कड़ी में सूचना सेठ ने पुलिस पूछताछ में हैरान कर देने वाली बातें कहीं। उसने गोवा की यात्रा इसलिए की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वेंकटरमन अपने बेटे से न मिले। इतना ही नहीं सूचना ने अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को बताया था कि उसका बेटा चिन्मय पति जैसा दिखता है और अलग हो चुके पति की याद दिलाता है।

ये बात भी सामने आई है कि बच्चे के पिता वेंकटरमन ने शनिवार को सूचना को कॉल की थी। उसने रविवार को समय बिताने के लिए बच्चे को बेंगलुरु के राजाजीनगर स्थित अपने घर लाने की जानकारी दी थी। हालांकि, सूचना ने अपने पति के घर जाने से इंकार कर दिया। उसने वेंकटरमन से बेंगलुरु के सदाशिवनगर के पास पब्लिक प्लेस पर मिलने के लिए कहा था। इस पर वेंकटरमन सुबह 11 बजे पहुंचे. 2 घंटे से अधिक समय तक सदाशिवनगर में इंतजार किया।



### 2010 में हुई थी शादी

बताते चलें कि सूचना अपने पति से नफरत करती थी। दोनों की साल 2010 में लव मैरिज हुई थी। साल 2019 में उन्हें एक बेटा हुआ। 2020 में पति-पत्नी में झगड़ा होना शुरू हो गया। मामला कोर्ट तक पहुंचा तो बेटे की कस्टडी मां को मिली। इसके बाद से ही सूचना अपने बेटे को पति वेंकटरमन से मिलने नहीं देती थी। वेंकटरमन ने इसके लिए कोर्ट में अर्जी डाली. जिस पर हाल ही में कोर्ट ने आदेश दिया कि हर रविवार को वेंकटरमन अपने बेटे से मिल सकेंगे।

**प्लास्टिक बोतलों में मिलने वाला पानी सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह**

# बोतलबंद एक लीटर पानी में 2.4 लाख प्लास्टिक कण

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

*अमेरिकी स्टडी में खुलासा*



प्लास्टिक बोतलों या कंटेनर्स में मिलने वाला पीने का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहद बुरा है। इसको लेकर किए गए अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने बताया है कि ऐसे पानी में प्लास्टिक के लाखों छोटे-छोटे कण मौजूद होते हैं। इसको लेकर 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में शोध प्रकाशित किया गया है। वहीं यह बताया गया है कि इस शोध के लिए वैज्ञानिकों ने नई तकनीक का इस्तेमाल किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि पानी में प्लास्टिक के कणों की गिनती की गई और एक लीटर पानी में औसतन 2,40,000 कण मौजूद थे। उन्होंने कई कंपनियों के द्वारा बेचे जा रहे पानी की जांच की थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्लास्टिक के कणों की यह संख्या पहले के अनुमानों से कहीं ज्यादा है और बड़ी चिंता की बात है।

### ऐसे की गई जांच

शोध में जिस नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया उसे स्टीमुलेटेड रैमन स्कैटरिंग माइक्रोस्कोपी कहा जाता है। इसमें जांच के नमूनों को दो लेजर के नीचे परखा जाता है ताकि समझा जा सके कि वे मॉलीक्यूल किस चीज के बने हैं।

### पाचन तंत्र और फेफड़ों में पहुंच जाएगा प्लास्टिक

*वैज्ञानिकों की चिंता है कि नैनोप्लास्टिक इतना छोटा होता है कि इसके पाचन तंत्र और फेफड़ों तक पहुंच जाने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो फिर ये कण खून में मिलकर पूरे शरीर में पहुंच सकते हैं। इससे मस्तिष्क, हृदय, किडनी समेत अन्य अंगों को खतरा है।*

### नैनोप्लास्टिक मिलना चिंता का कारण

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जियोकेमिस्ट्री के एसोसिएट प्रोफेसर बाइजान यान ने कहा कि बोतलबंद पानी को लेकर दुनिया भर में कोई नया विकल्प सामने लाना होगा। बोतलबंद पानी में नैनोप्लास्टिक मिलना चिंता का कारण है, लेकिन अगर पानी नहीं पिया जाए तो डिहाइड्रेशन का खतरा हो सकता है। डिहाइड्रेशन तो बड़ा खतरा बन सकता है।

### दुनिया भर में बढ़ रही है माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा

वैज्ञानिकों ने कहा कि माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ रही है। अब नदियों और समुद्र से लेकर ऊंची पहाड़ियों तक माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है। इसके कारण अब इसकी मौजूदगी खाने के पदार्थों तक हो गई है। 5 मिमी से छोटे टुकड़े को माइक्रोप्लास्टिक कहते हैं। नैनोप्लास्टिक एक माइक्रोमीटर ( मीटर के अरबवें हिस्से) को कहते हैं।

बिलासपुर
शुक्रवार 12 जनवरी 2024
पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 322
पृष्ठ : 12+4 =16, मूल्य : 5 .00***

मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 17.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com








मोदी सरकार की गारंटी
जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
हमारा संकल्प विकसित भारत
1.6 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध



## वनवास काल की गाथा कहेगा रामायण आध्यात्मिक वन

**अयोध्या।** अयोध्या की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु जल्द ही इस शहर में सरयू नदी के तट पर बन रहे 'रामायण आध्यात्मिक वन' में भगवान राम के 14 साल के वनवास काल के बारे में अधिक जानकारी हासिल कर सकेंगे। पारिस्थितिक वन क्षेत्र एक खुले संग्रहालय जैसा होगा और यह अयोध्या 'मास्टर प्लान' का हिस्सा है। अयोध्या पुनर्विकास परियोजना के मुख्य योजनाकार दीक्षु कुकरेजा ने बताया, भगवान राम, रामायण और अयोध्या के साथ सरयू नदी हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। प्रस्तावित आध्यात्मिक वन नदी तट का विस्तार है, जिसे पर्यावरण-अनुकूल वन के रूप में तैयार किया गया है। इस आध्यात्मिक वन को रामायण की विषयवस्तु पर विकसित किया गया है, जिसमें विशेष रूप से वनवास अवधि के दौरान शेष पेज 8 पर



- *अयोध्या में सरयू नदी के तट पर हो रहा निर्माण*
- *'भ्रमण पथ' सरयू को राम मंदिर से जोड़ेगा*

## रायपुर से चांदी का पालना, बाल अवस्था की मूर्ति और 31 चरण पादुकाएं विमान से भेजी अयोध्या

### राजधानी के राम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद विमान से लेकर हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि खास

अयोध्या में राम लला की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से लगातार अलग-अलग सामग्री जा रही है। इसी कड़ी में 21 किलो चांदी से बनी अलग-अलग सामग्री को यहां से विमान द्वारा अयोध्या रवाना किया गया है। इस सामग्री में सबसे शेष पेज 8 पर



### 21 किलो चांदी की सामग्री भेजी

अब राजधानी रायपुर से 21 किलो चांदी से बनी सामग्री को भेजा गया है। दानदाता भंवर लाल पारख परिवार ने शुद्ध चांदी से निर्मित भगवान श्री राम की बाल्य शेष पेज 8 पर

### आज जाएगी 101 टन सब्जी

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा शुक्रवार को यहां से 101 टन सब्जी अयोध्या के लिए भेजी जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सब्जी के भरे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## आडवाणी और जोशी भी जाएंगे अयोध्या

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के एक नेता ने कहा है कि भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल होंगे। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी ने राम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व किया था। अयोध्या में उपस्थिति के बारे में बोलते हुए विहिप के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि लालकृष्ण शेष पेज 8 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम आज करेंगे युवा महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। फिर प्रदेश में 30,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। जिसे अब 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है।



### दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर का 15वाँ वार्षिकोत्सव उल्लास और धूमधाम से मनाया गया

## डीपीएस में केवल किताबी ज्ञान नहीं बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास- साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी भाषा में सम्बोधित किया और कहा कि डीपीसी स्कूल केवल किताबी ज्ञान देने वाला शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि यहां छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वार्षिकोत्सव में जो भी प्रस्तुति दी गई है, सभी में एक संदेश और गंभीर चिंतन छिपा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 15वाँ वार्षिकोत्सव बड़े उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव थे। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु तथा हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।





### स्कूल में बच्चे सुसंस्कृत और पल्लवित हो रहे

विशेष अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि इस स्कूल में बच्चे सुसंस्कृत और पल्लवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल के स्तर का शेष पेज 8 पर

### एक भारत और श्रेष्ठ भारत की थीम शानदार

*डिप्टी सीएम श्री साव ने इस दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में स्कूल ने जो प्रस्तुति दी है, वह शानदार है। जिस थीम एक भारत और श्रेष्ठ भारत के तहत बच्चों ने परफार्मेंस दिया है, वह भारत की संस्कृति का परिचायक है। श्री साव ने कहा कि मेरा डीपीएस स्कूल से गहरा नाता है। पहले एक अभिभावक के तौर पर आता था और अब सौभाग्य है कि बतौर मुख्य अतिथि आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पण, निष्ठा और मेहनत की के कारण देश आगे जा रहा है और खासतौर* शेष पेज 8 पर

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 को प्रदेश के स्कूल कॉलेज में रहेगी छुट्टी

- शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को प्रदेश के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेजों में अवकाश रहेगा। यह घोषणा छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, पर्यटन,संस्कृति एवं शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को यहां की। श्री अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, अयोध्या शेष पेज 8 पर

### हर सप्ताह एक ट्रेन जाएगी अयोध्या


श्री अग्रवाल ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्री राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या ले जाया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार रेलवे विभाग से अनुबंध कर एक ट्रेन बुक करेगी, जो हफ्ते में एक दिन चलेगी। इसमें एक बार में 850 से 1000 श्रद्धालु अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन करने जाएंगे। ट्रेन में बुजुर्गों और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उनके साथ सहायक को जाने की जाने की अनुमति होगी। साथ ही डॉक्टर भी तैनात किया जाएगा। साथ ही जिस जिले के श्रद्धालु जाएंगे, वहां कोई जानकार व्यक्ति भी जाएगा।

USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | PCI | BCI | AICTE | INC
Announces
Ph.D Entrance Exam
Application Invited for
Full-Time/Part-Time Ph.D Admission
Ph.D Programmes For January 2024 Batch
Computer Science | Law | Management | Education | Pharma | Journalism & Mass Communication | Mathematics | Microbiology | Biotechnology | English | Physics | Chemistry | Commerce | Mechanical | Agriculture | Nursing
upto 30,000 per month fellowship available
Last date of Submission of Application Form 16th Jan 2024
Date of Entrance Test on 21st Jan 2024
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Call Now: +91 8956 226 200, 8055 200 400
www.umu.ac.in
APPLY NOW

## अफगानिस्तान में भूकंप, भारत और पाकिस्तान में भी झटके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान में गुरुवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। इसका असर भारत के साथ पाकिस्तान तक देखा गया। पाकिस्तान में लाहौर, इस्लामाबाद में झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में कंपन्न महसूस किया गया।



### दोपहर में हिली धरती

भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 50 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काबुल से 241 किलोमीटर उत्तर उत्तरपूर्व में था। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस होने की बात कही।

### विधानसभा चुनाव में खर्च का अंतिम हिसाब आयोग को भेजा

## मंत्री नेताम ने 31 लाख खर्च किए दयालदास 12 लाख में जीते



- रामविचार नेताम — 31 लाख 73 हजार
- भूपेश बघेल — 30 लाख 91 हजार
- विजय शर्मा — 26 लाख 20 रुपए
- अरुण साव — 29 लाख 5 हजार
- डॉ. रमन सिंह — 26 लाख 91 हजार
- दयाल दास बघेल — 12 लाख 57 हजार
- लक्ष्मी राजवाड़े — 28 लाख 90 हजार
- केदार कश्यप — 24 लाख 13 हजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में खर्चों का अंतिम हिसाब सभी प्रत्याशियों ने चुनाव आयोग को दे दिया है। चुनाव में खर्च को लेकर हरिभूमि ने मंत्रियों और अन्य लोगों के हिसाब का ब्योरा लिया। चुनाव में रामानुजगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम ने सबसे अधिक खर्च किया। उन्होंने शेष पेज 8 पर

### 20 लाख से कम खर्च करने वाले प्रत्याशी

विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ प्रत्याशी ऐसे भी रहे, जिन्होंने पूरे चुनाव दौरान 20 लाख से कम खर्च किया। इन प्रत्याशियों में मनेंद्रगढ़ से चुनाव जीतने वाले श्याम बिहारी जायसवाल ने 17 लाख 84 हजार रुपए खर्च किए हैं। बलौदाबाजार से चुनाव जीतने वाले टंकराम वर्मा ने 19 लाख 36 हजार रुपए खर्च बताया है। रायपुर दक्षिण सीट से आठवीं बार चुनाव जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल ने 20 लाख 17 हजार रुपए खर्च बताया है। वहीं साजा से पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने चुनाव में 15 लाख रुपए से अधिक और कवर्धा से चुनाव लड़ने वाले मोहम्मद अकबर ने 15 लाख 80 हजार रुपए खर्च किए।


### चुनाव लड़ना हुआ महंगा

विधानसभा चुनाव लड़ना अब महंगा हो गया है। चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित कर रखी है। राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को पार्टी से चुनाव लड़ने राशि मिलती है, लेकिन अन्य प्रत्याशियों के लिए कोई फंड नहीं मिलता। चुनाव में नामांकन दाखिले से लेकर चुनाव प्रचार के दौरान शेष पेज 8 पर

## पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती बाल-बाल बचीं

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का वाहन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में मुफ्ती बाल-बाल बच गईं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री का वाहन संगम में एक कार से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने के लिए खानबल जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना हुई। हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई। घटना में मुफ्ती की निजी सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें आईं।






केंद्र सरकार की 10 साल की नाकामियों को करेंगे उजागर

## पायलट बोले - राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लोकसभा चुनाव में नहीं पड़ेगा असर



प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचे सचिन पायलट का हुआ जोरदार स्वागत।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने राम मंदिर को लेकर कहा, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फर्क नहीं पड़ेगा। किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि राम मंदिर हमारा है। भाजपा को भी यह नहीं सोचना चाहिए। जिन राज्यों में चुनाव हुए हैं, वहां मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस चुनाव लड़ती है। अब इंडिया अलाइंस सीट को लेकर फैसला करेगी। हम छत्तीसगढ़ में इतिहास बदलने आये हैं। भाजपा शेष पेज 8 पर



## चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामरिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी ₹भारत से सीखना₹ चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन'की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।

# विवेकानंद के सपने हो रहे साकार



युवा दिवस
शिव प्रकाश

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत काल की इस बेला में प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें।

कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के परिवार में 12 जनवरी 1863 को एक बालक का जन्म हुआ।भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। इस बालक को प्रेम से परिवार के सभी लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन की एक घटना का उल्लेख किया, "मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ।" अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी,जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद जी से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।



स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हों। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञानमहाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद जी गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रि भर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि "दरिद्र देवो भव"। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा,"इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्ठियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की जरूरतों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की।

स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं के लिए कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था "गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ, क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है।"

समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे–छोटे शिल्पकार हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा है। इनमें बढ़ई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी-पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उनके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्म सभा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था -

रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।

समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में "जान भी जहान भी" के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में "वसुधैव कुटुंबकम" का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है।

स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"को मोदी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। विवेकानंद को यही श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ.संजय शुक्ला



# युवा धार्मिक सहिष्णुता के प्रति जिम्मेदारी निभाएं

आज भारत के अलौकिक आध्यात्मिक संत और महापुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती है जिसे 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वस्तुतः विवेकानंद ही सही मायनों में युवाओं के 'रोल मॉडल' हैं जिनके विचार उन्हें हर चुनौतियों में विजय की राह दिखाती है। वर्तमान परिवेश में जब देश में धार्मिक समरसता पर खतरा मंडरा रही है तब धर्म के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा था कि धर्म वह नैतिक बल है जो व्यक्ति और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करता है उनकी धर्म की मीमांसा सार्वभौमिक थी।इतिहास गवाह है कि भारत में स्वामी विवेकानंद से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती जैसे अनेक युवा हुए हैं जिन्होंने देश में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाया है।

भारत में धर्म हमेशा युवाओं के लिए आस्था और जिज्ञासा का विषय रहा है। वर्तमान आधुनिक दौर में सभी संप्रदायों के युवाओं में धर्म और आध्यात्म के प्रति आकर्षण बड़ी तेजी से बढ़ा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज 'सीएसडीएस' लोकमत द्वारा कुछ अर्सा पहले किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक 70 फीसदी हिंदू, 72 फीसदी मुस्लिम, 82 फीसदी सिख, 74 फीसदी ईसाई और 46 फीसदी अन्य धर्मों से जुड़े युवा प्रमुख धार्मिक अवसरों पर मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा और गिरजाघर में जाकर पूजा व प्रार्थना करते हैं। सर्वेक्षण की पुष्टि विभिन्न धर्मों से जुड़े युवाओं के उनके पूजा और तीर्थ स्थलों में अच्छी खासी उपस्थिति से हो रहा है। हिंदू धर्म से जुड़े युवा नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक पर्वों और अनुष्ठानों के दौरान व्रत व पूजा करते हैं वहीं मुस्लिम युवा भी रमजान के महीने में रोजा रख रहे हैं तथा सिख और ईसाई धर्म से जुड़े धार्मिक अवसरों पर गुरूद्वारा और चर्च जरूर जाते हैं।

दरअसल आस्था और अंधविश्वास दोनों अलग-अलग हैं, आस्था जहां युवाओं में साकारात्मकता लाता है जिससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है वहीं अंधविश्वास लोगों में नाकारात्मक भाव पैदा करता है जिससे आत्मबल कमजोर होता है। स्वामी विवेकानंद धर्म और आध्यात्म के पक्षधर थे लेकिन वे अंधविश्वास, छुआछूत और रूढ़िवादी व्यवस्था के सख्त विरोधी थे।आज के दौर में युवाओं के सामने किसी चुनौती पर सफलता हासिल करने के लिए उनमें भरपूर आत्मविश्वास होना जरूरी है भले ही यह धार्मिक आस्था के सहारे ही क्यों न हो आखिरकार धर्म हमें नैतिकता की भी सीख देती है। यदि विभिन्न धर्मों के धार्मिक परंपराओं, पूजा और उपासना पद्धति, होम -हवन, पूजा मुद्राओं, पर गौर करें तो इन परंपराओं का भौगोलिक, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकीय आधार है जिससे वैयक्तिक और सामुदायिक स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इन विश्लेषणों के आधार पर धार्मिक आस्था को वैज्ञानिक और अंधविश्वास को पूर्णतः अवैज्ञानिक माना जा सकता है लिहाजा युवाओं को आस्था और अंधविश्वास के बीच फर्क को समझते हुए अंधविश्वास से दूर रहना होगा बल्कि समाज को भी इस दिशा में जागरूक करना चाहिए। दूसरी ओर युवाओं में बढ़ती धार्मिक आस्था के बीच चिंताजनक खबर यह भी है कि युवाओं का एक समूह धार्मिक कट्टरवादी संगठनों के मुहिम का हिस्सा बनने लगे हैं। वर्तमान राजनीतिक हालात पर गौर करें तो अमूमन सभी राजनीतिक दल वोट बैंक की सियासत के चलते धार्मिक कट्टरवाद व तुष्टिकरण की सियासत को आगे बढ़ा रहे हैं फलस्वरूप देश में सांप्रदायिक नफरत और अविश्वास की भावना बड़ी तेजी से पनप रही है। राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के आईटी सेल अपनी सियासत साधने के लिए सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट के जरिए युवाओं के धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। विडंबना है कि अमूमन सभी धर्मों के युवा शिक्षा और रोजगार जैसे उनसे जुड़े बुनियादी मांगों के लिए आवाज उठाने की जगह कट्टरवादी धार्मिक संगठनों के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। बीते कुछ सालों में विभिन्न शहरों में धार्मिक जूलूसों और पर्वों के दौरान हिंसा और आगजनी की घटनाओं तथा सांप्रदायिक दंगों में युवाओं की संलिप्तता इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत अनेक धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं वाला देश है जहां सभी धर्म के लोग एक- दूसरे के सुख-दुख और पर्व व उत्सवों में शरीक होते रहे हैं लेकिन हाल के दिनों में धार्मिक असहिष्णुता के चलते इस समरसता के ताने-बाने में गांठ पड़ने लगी है जो सर्वधर्म समभाव की राह में रोड़े बन रहा है। बहरहाल "वसुधैव कुटुंबकम" की अवधारणा वाले देश में युवाओं का धार्मिक होना तभी सार्थक होगा जब वे अपने धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के साथ -साथ दूसरे धर्म के प्रति भी आदर और समानता का भाव रखेंगे आखिरकार सभी धर्मों के मूल में संस्कार, मानवता, शांति, प्रेम, भातृत्व, उपकार और सेवा है।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पर्यटन का सरताज है हमारा देश**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*- रामचरण सोनी, भाटागांव*

## ट्रेंड

### चादर भेंट की



मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### लड़ेंगे और जीतेंगे



कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### मेहनत का सम्मान



रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### इतिहास में दर्ज




यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।

-राहुल देव, पत्रकार

## करंट अफेयर

# गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, 'यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।' हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं। बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को 'कठिन परिस्थितियों' में रखा गया था।



## ऑफ बीट

# एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें

इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं – इसे बंद करने से पहले और बाद में दोबारा चलाने की जरूरत पड़ने तक ठंडी हवा का आनंद लें। लेकिन एक कमरे को बहुत ठंडे तापमान तक ले जाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान एयर कंडीशनिंग यूनिट की ओर आकर्षित करते हुए, सबसे अधिक ऊर्जा कुशल क्रिया तापमान को उच्चतम मूल्य पर सेट करना है जो अभी भी आरामदायक है (दिन के दौरान 26 डिग्री सेल्सियस और सोते समय 22 डिग्री सेल्सियस की अक्सर सिफारिश की जाती है)।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
ELEVATION: 17340ft
POPULATION: JIMNY
Somewhere along the intimidating Himalayan range, you may find the new Jimny parked at an elevation that rivals the Everest Base Camp. Beyond treacherous mountain trails, narrow passages and dangerous ditches, few off-roaders make it this far off the grid. However, much like the ones who drive it, the Jimny never turns its back on adventure.
34° 04'32.3"N
77° 49'56.8"E
Scan to see the Jimny in its true element
Jimny
NEVER TURN BACK
CREATE. INSPIRE.
NOW AVAILABLE IN CSD
ALLGRIP PRO
3 LINK RIGID AXLE SUSPENSION
HEADLAMP WASHERS
6 AIRBAGS
WIRELESS ANDROID AUTO AND APPLE CARPLAY CONNECTIVITY
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
BILASPUR: NEXA AUTOPARK (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884, 9203939934), RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD (M SQUARE MOTORS PH: 9329789747, 9830859352), AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 8516936201, 7987898802), KORBA: NEXA KORBA CENTRAL (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140, 9630731111), JAGDALPUR: NEXA GEEDAM ROAD (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
Scan to book
T&C apply. For more information kindly contact NEXA dealerships. Creative visualization. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
Trademarks used belong to respective Trademark Owners. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual.

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स



### केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

**साउथ अफ्रीका** देश की राजधानी केपटाउन के मैकबोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



### अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

**यूरोप महाद्वीप** के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *



### पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

**इंग्लैंड के** तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वालीं पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां 3डी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *



### वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

**पड़ोसी देश** चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वालीं पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *



### जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

**उत्तरी अमेरिका** महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वीज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *

छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

## त्योहार की खुशी

'नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान



में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।

'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आ जाना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्वक स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन है?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?



बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-86 का उत्तर:** 1-क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

**जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले :** रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**पप्पू**-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
**मम्मी**- ऐसा कब होता है बेटा?
**पप्पू**- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।
**-सुंदर, रोहतक**

**सोनी**-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
**मोनी**-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।
**-पिंकी, जबलपुर**



गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
**गोलू**- गप्पा भाग!
**गप्पा**- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।
**-पूजा, रायपुर**

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।


## हैप्पी मकर संक्रांति

इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी,



ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'

गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पैचों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।





**उत्तर:** 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाली बच्ची की पतंग का रंग अलग है। 3-इसी बच्ची का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली बच्ची की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।




उत्तर : D


हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
'उत्तिष्ठत, जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत'
(कठोपनिषद्)
राष्ट्रीय युवा दिवस
स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (12 जनवरी) पर पावन स्मरण
मोदी की गारंटी
श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पित
छत्तीसगढ़ सरकार
ऊर्जावान युवा
प्रगतिशील प्रदेश
रिक्त शासकीय पदों पर नियमित भर्ती
आगामी दो वर्षों में प्रदेश के सभी शासकीय विभागों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती का लक्ष्य
सार्वजनिक सेवाओं में रोजगार अवसर
'सरकार तुंहर दुआर' योजना के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं के क्षेत्र में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य
प्रतियोगिता परीक्षाओं में पारदर्शिता की गारंटी
प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की गारंटी, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अनियमितता की शिकायतों की सीबीआई जांच का निर्णय
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सबका साथ- सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# 'शेड्यूल-एम' के नियम से भारत में महंगी हो सकती हैं दवाइयां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है। सस्ती दवाइयां बनाने में भारत का कोई सानी नहीं, लेकिन आने वाले दिनों में ये हकीकत बदल सकती है। देश में लोगों के इलाज का खर्च बढ़ सकता हैं, क्योंकि दवाइयों की कीमत बढ़ने के आसार हैं।

■ देश की कई छोटी और मझौली कंपनियों पर लटकी तलवार

दरसअल दवाओं की सप्लाई शॉर्ट होने से कुछ समय बाद इनकी कीमतों में तेजी आने की संभावना है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवा कंपनियों के लिए कुछ नियम बनाए हैं, जो उनके फैक्टरी चलाने के मानक तरीकों से जुड़े हैं। इन नियमों की वजह से देश में सस्ती दवाएं बनाने वाली कई छोटी कंपनियों पर फैक्टरी बंद करने की तलवार लटक रही है।

## दवा कंपनियों के कामकाज करने के तरीकों को लेकर नियमों में संशोधन

### सरकार ने अनिवार्य किए नियम

पिछले साल जुलाई में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने साफ किया था कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम (एमएसएमई) दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' अनिवार्य किया जाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जो कंपनियां सालभर में 250 करोड़ से अधिक का टर्नओवर करती हैं, उन्हें 1 अगस्त 2023 तक इन नियमों का पालन करना है। जबकि छोटी कंपनियों को एक साल का वक्त मिलेगा।



### होगी दवाओं की कमी

इससे देश की कई छोटी और मझोली दवा कंपनियों पर बंद होने की तलवार लटक रही है। उन कंपनियों के पास इतने संसाधन ही नहीं है कि वह इनमें से कई नियमों का पालन कर सकें। ऐसे में दवाओं की शॉर्टेज होना लाजिमी है। ये दवाओं की कीमत बढ़ाने का काम करेगा।

### अपग्रेडेशन के लिए चाहिए पूंजी

इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संगठन 'लघु उद्योग भारती' के हवाले से कहा है कि छोटे स्केल की दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' लागू करना मुश्किल काम है। कंपनियां क्वालिटी पर नियमों का पालन कर सकती हैं, लेकिन अपग्रेडेशन करने के लिए पूंजी चाहिए। ऐसे में कई कंपनियां को अपना कारोबार बंद करना होगा।

### स्वास्थ्य मंत्रालय के नियमों ने बढ़ाई चिंता

स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल में दवा फैक्टिरयों के काम-काज करने के तौर तरीकों को लेकर बनाए गए संशोधित नियम 'शेड्यूल-एम' का नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया है कि दवा कंपनियों के पास कितना बड़ा दफ्तर हो, कितनी बड़ी फैक्टरी हो, कौन से प्लांट और कौन से इक्विमेंट इस्तेमाल करने चाहिए। इन सबकी डिटेल दी गई है। साथ ही दवा उत्पादन के लिए अच्छी प्रैक्टिस कौन सी हैं, उनकी जानकारी भी दी गई है। इतना ही नहीं दवा कंपनियों को हर साल क्वालिटी रिव्यू और क्वालिटी रिस्क मैनेजमेंट का रिव्यू भी करना होगा।


## खबर संक्षेप

### भारत-जापान कोष महिंद्रा एंड महिंद्रा में करेगा निवेश

Mahindra

**नई दिल्ली।** भारत-जापान कोष वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि भारत-जापान कोष (आईएजेएफ) 6,600 करोड़ रुपये तक के मूल्यांकन पर 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

### कामिनेनी के लिए कल्याणी स्टील्स सफल बोलीदाता



**नई दिल्ली।** कल्याणी समूह की इकाई कल्याणी स्टील्स लि. परिसमापन के तहत कामिनेनी स्टील एंड पावर इंडिया की संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। कल्याणी स्टील्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अधिग्रहण के लिए 450 करोड़ रुपये का नकद भुगतान किया जाना है।

### आईपीएम की 100 पेट्रोल पंप खोलने की योजना




**गुवाहाटी।** ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है।

### सोना 63,150 रुपए पर स्थिर, चांदी में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। चांदी की कीमत भी 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

### ओजोन फार्मा का 1000 करोड़ कारोबार का लक्ष्य

OZONE PHARMACEUTICALS LTD

नई दिल्ली। ओजोन फार्मा-स्युटिकल्स का अगले तीन साल में 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य है। इसके अलावा कंपनी ने 'मॉलिक्यूल पहल' की पेशकश की है और इसका दुनिया की प्रमुख दर्द प्रबंधन कंपनियों में शुमार होने का लक्ष्य है। अगले तीन साल में खुद को भारत की शीर्ष 20 औषधि कंपनियों में शामिल कराने का लक्ष्य है।

### अप्रावा एनर्जी को एनएचपीसी से मिला सौर ऊर्जा का ठेका




**नई दिल्ली।** अप्रावा एनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी लिमिटेड से 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। अप्रावा को पहली बार ग्रीनफील्ड सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। राजस्थान में अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका दिया गया है। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रमजान मिश्रा ने बयान में कहा, 'हम राजस्थान में मिली इस परियोजना के साथ अपने सौर ऊर्जा खंड को मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं।

## संपत्ति लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना

# सरकार की 84 कंपनियों में 'शत्रु संपत्ति' शेयर बेचने की योजना

■ सरकार पाक और चीन जाने वालों की संपत्ति का निपटान चाहती है

■ 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक शत्रु संपत्ति

■ पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में 1.88 लाख शेयर बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक 'शत्रु संपत्ति' शेयरों को लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना बना रही है। सरकार का इरादा पाकिस्तान और चीन जाने वाले व्यक्तियों की संपत्ति का निपटान करना है। एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में करीब 1.88 लाख शेयर बेचने पर विचार कर रही है।

उसने 10 श्रेणियों के खरीदारों से आठ फरवरी तक बोलियां आमंत्रित की हैं, जिनमें व्यक्तिगत लोग, एनआरआई, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), न्यास और कंपनियां शामिल हैं। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले (ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच) लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्ति को 'शत्रु संपत्ति' कहा जाता है। प्रस्तावित शेयर बिक्री देश में 'शत्रु संपत्ति' के निपटान की सरकार की पहल का हिस्सा है।

### आरक्षित मूल्य से नीचे की बोली अस्वीकार होगी

खरीदारों को उन शेयरों के लिए बोली लगानी होगी जिन्हें वे खरीदना चाहते हैं और सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे उद्धृत किसी भी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। आरक्षित मूल्य की जानकारी संभावित बोलीदाताओं को नहीं दी जाएगी। भारत के शत्रु संपत्तियों के संरक्षक (सीईपीआई) के पास 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर हैं।



### सरकार 2709 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर बेच चुकी

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को सीईपीआई द्वारा रखे गए शेयरों की बिक्री के लिए मर्चेंट बैंकर और सेलिंग ब्रोकर के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने पिछले महीने संसद को सूचित किया था कि देश में शत्रु संपत्तियों के निपटान की पहल के तहत सरकार द्वारा 2,709 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे गए हैं।

### 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव

सार्वजनिक नोटिस में, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा, "भारत सरकार ने 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव रखा है। इसमें चुनिंदा 20 कंपनियों और 1,87,887 शेयरों के नाम भी सूचीबद्ध किए गए हैं जिन्हें विनिवेश करने का प्रस्ताव है।

### खरीदारों को बोलियां जमा करनी होगी

दीपम के अनुसार, इच्छुक खरीदारों को अपनी बोलियां जमा करनी होंगी, जिसमें एक निर्दिष्ट फॉर्म में उन कंपनियों के शेयरों की संख्या और संबंधित शेयरों के लिए बोली मूल्य की जानकारी देनी होगी। सरकार इनमें से प्रत्येक कंपनी के शेयरों के लिए एक आरक्षित मूल्य तय करेगी जिसका खुलासा नहीं किया जाएगा। आरक्षित मूल्य से कम मूल्य पर प्रस्तुत मूल्य बोलियां खारिज कर दी जाएंगी।

### वैध बोलीदाताओं को होंगे शेयर आवंटित

दीपम ने कहा, "भारत सरकार की मंजूरी पर मूल्य प्राथमिकता के आधार पर वैध बोली जमा करने वाले पात्र बोलीदाताओं को शेयर आवंटित किए जाएंगे। सीईपीआई के तहत शत्रु शेयरों के निपटान की प्रक्रिया और तंत्र को आठ नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।

# नई प्रौद्योगिकी के लिए शुल्क ढांचा हो तर्कसंगत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसी नई प्रौद्योगिकियों की तेजी से स्वीकार्यता के लिए शुल्क ढांचे का तर्कसंगत होना महत्वपूर्ण है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

पावाह ने मौजूदा और साथ ही देश में प्रवेश करने के इच्छुक नई कंपनियों के लिए कराधान के मामले में समान अवसर पर जोर दिया। पावाह ने यहां कहा, 'सरकार से हमारा हमेशा से यह कहना रहा है कि यदि आप नई प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाना चाहते हैं और फिर स्थानीयकरण चाहते हैं, तो शुल्क ढांचे को कुछ तर्कसंगत बनाने की जरूरत है।' पावाह ने कहा कि यदि शुल्क कम होते हैं, तो इससे कंपनियां ग्राहक को उत्पाद सही कीमत पर पेश कर सकती हैं। पावाह ने कहा कि मांग पैदा होने के बाद उत्पादों का स्थानीयकरण किया जा सकता है जैसा कि बीएमडब्ल्यू देश में परिचालन शुरू करने के बाद से कर रही है।

■ बीएमडब्ल्यू ने कहा, तेजी से स्वीकार्यता के लिए ढांचा तर्कसंगत हो


■ नई कंपनियों के लिए समान अवसर पर दिया जोर

### आयातित कारों पर 60-100 फीसदी का कर लगता है

वर्तमान में पूर्ण निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों पर 60-100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी को कुछ रियायतें देने पर बातचीत के बारे में पूछे जाने पर पावाह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के अधिमान्य समाधान का सुझाव नहीं देते हैं। सभी के लिए एक समान अवसर होना चाहिए, चाहे वह नया खिलाड़ी हो, या बाजार में पिछले दो दशक से हो।

# इंफोसिस का तीसरे तिमाही में लाभ घटा, टीसीएस को फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर, 2023 में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 7.3 प्रतिशत घटकर 6,106 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 6,586 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय हालांकि 1.3 प्रतिशत बढ़कर 38,821 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 38,318 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने राजस्व वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 1-2.5 प्रतिशत से 1.5-2 प्रतिशत कर दिया है। कंपनी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने बेंगलुरु स्थित सेमीकंडक्टर डिजाइन सेवा प्रदाता इनसेमी का करीब 280 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इनसेमी का अधिग्रहण वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

■ इंफोसिस का लाभ घटकर 7.3 फीसदी रहा

■ टीसीएस को 8.2 प्रतिशत का शुद्ध लाभ हुआ

### टीसीएस का शुद्ध लाभ 8.2 प्रतिशत बढ़ा

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) का शुद्ध लाभ 8.2 प्रतिशत बढ़कर 11,735 करोड़ रुपये रहा है।

## बीएमडब्ल्यू इंडिया ने 22,940 इकाइयां बेची



**नई दिल्ली।** जर्मनी के वाहन निर्माता समूह बीएमडब्ल्यू ने 2023 में भारत में 22,940 इकाइयों की लक्जरी कार और मोटरसाइकिल की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। कंपनी ने 2023 में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड की कुल 14,172 इकाइयां बेचीं, जबकि मोटरसाइकिल (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) की 8,768 इकाइयां बेचीं। कंपनी की बिक्री 2022 में 19,263 इकाइयों की तुलना में पिछले साल 19 प्रतिशत बढ़ी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, '2023 बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड कमाई वाला वर्ष रहा। तीनों ब्रांड 'बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटरराड' की अभी तक की सबसे अधिक इकाइयां बेची गईं।

### गोल्ड ईटीएफ में निवेश बीते वर्ष छह गुना बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सोने में निवेश से जुड़े वित्तीय उत्पाद गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड (ईटीएफ) में निवेश बीते वर्ष इससे पिछले साल की तुलना में छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपये रहा। निवेशक उच्च महंगाई दर, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस परंपरागत निवेश उत्पाद को तरजीह दे रहे हैं। म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ के अंतर्गत संपत्ति आधार और निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है।


**कृषिकरण कार्य हेतु विज्ञापन**
**छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड**
राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रथम तल, विधानसभा के पास, जीरो प्वाइंट, बलौदाबाजार रोड, रायपुर (छ. ग.) 493111, फोन एवं फैक्स 0771-2522056
ई-मेल: cght.mpb@gmail.com/cgvanoushadhiboard@yahoo.co.in, वेबसाईट: cgvanoushadhi.gov.in

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में औषधीय पौधों के कृषिकरण कार्य अंतर्गत औषधीय पौधों के विभिन्न प्रजातियों जैसे गुड़मार, ब्राम्ही, कुलंजन, मंडूकपर्णी, वच, स्टीविया, सतावर, सर्पगंधा, एलोवेरा, हड़जोड़, गिलोय, सेलेसिया, सिंदूरी एवं दशमूल प्रजाति का कृषिकरण कार्य किया जाना है । उक्त कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे जो औषधीय पादप उगाने वाले किसान, औषधीय पादप उगाने वाले एशोशिएसन, स्व-सहायता समूह, परिसंघ, कार्पोरेशन, औषधीय पादप उगाने वाले सहकारिताएॅ, अशासकीय संस्था जो उक्त कार्य हेतु रूचि एवं अनुभव रखते हो, वे अपनी संस्था का संपूर्ण विवरण सहित आवेदन / परियोजना प्रस्ताव बोर्ड कार्यालय के दर्शित पते पर दिनांक 24/01/2024 समय शाम 5 .00 बजे तक अपना आवेदन पत्र सहित प्रस्तुत कर सकते हैं । यदि आवश्यकता होने पर कोई भी जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है या निम्न से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मो . नं . - 96769-95404 ।

संवाद-39338 मुख्य कार्यपालन अधिकारी



**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**
टेली फैक्स : 07740-252273 email: bssukp@gmail.com
Contact No. - 09893404589, 08889088255

**/ / ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना / /**

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 11 दिनांक- 11/01/2024

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में मेन्युफैक्चरिंग के शुगर साईलो ऑपरेशन एंड मैन्टनेश कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई - निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311 /- रू. (1000/- रू. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना क्रमांक- 151312 (Experiences Contractor) Operation and maintenance of Sugar Bagging and Handling System for Season 2023-24, | दिनांक 11/01/2024 समय रात्रि 08:00 बजे से 15/01/2024 को समय दोपहर 03:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 15/01/2024 समय दोपहर 03:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है ।

महाप्रबंधक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)



**छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित**
**''वन धन भवन'' सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**
दूरभाष: (0771) 2513100 से 2513110
E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website: www.cgmfpfed.org

**विज्ञापन प्रारूप**

अधिसूचना क्रमांक MFP /Raw Material/2024/III दिनांक 11.01.2024

**कच्ची औषधि / स्पाइसेस / भस्म / तेल / रसायन एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु ऑनलाईन ई- निविदा आमंत्रण**

**1. कुछ प्रमुख सामग्री का विवरण निम्न है:-**
- कच्ची औषधी - अश्वगंधा, कलिहारी, करायत, जावित्री, तुलसी पंचांग, धूपी, भृंगराज, गाजरबीज आदि
- स्पाइसेस - जावित्री, जायफल, बड़ी इलाइची, छोटी इलाइची, काली मिर्च, हल्दी आदि
- तेल - तिल तेल, सरसो तेल, अरंड तेल आदि
- भस्म - लौह भस्म, कशिश भस्म, टंकन भस्म आदि
- रसायन एवं अन्य - सोडियम बेनजोइड, पोटेशियम मेटाबाईसल्फेट, साइट्रिक एसिड, आइसो प्रोपाइल एल्कोहल आदि

**2. क्रय आपूर्ति वर्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25**

**3. ई-निविदा ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण एवं खुलना-** निविदायें निम्न तालिका अनुसार निर्धारित समयावधि में इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है जो कि निम्न तालिका में दर्शित तिथियों को सायंकाल 3:10 बजे से ऑनलाईन खोली जावेगी :-

| निविदा चक्र | जिस तिथि से निविदा सूचना डाउनलोड की जा सकती है | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की प्रारम्भ तिथि | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 11.01.2024 | 06.02.2024 | 13.02.2024 | 13.02.2024 |
| द्वितीय | 26.02.2024 | 13.03.2024 | 19.03.2024 | 19.03.2024 |
| तृतीय | 03.04.2024 | 09.04.2024 | 12.04.2024 | 12.04.2024 |

उक्त निविदा में भाग लिये जाने हेतु निविदाकारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल https://cgmfpfedtenders.abcprocure.com ऑनलाईन जमा किया जा सकता है एवं निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु संघ मुख्यालय के वेबसाइट www.cgmfpfed.org का अवलोकन करें ।

संवाद-39334 प्रबंध संचालक



**कार्यालय प्राचार्य स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया जिला - बेमेतरा**
EMAIL ID - thankhamariya123@gmail.com
WEBSITE – www.govtcollegethankhamaria.in

पत्र क्रं / 240/स्था./अति.व्या./2024 थानखम्हरिया दिनांक 10.01.2024

**// अतिथि व्याख्याता विज्ञापन सूचना //**

आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्र. 504 / 126 / आउशि / राज. स्था. / 2023 अटल नगर दिनांक 10.07.2023 के अनुक्रम में इस महाविद्यालय में स्वीकृत प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर निम्न विषय में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | विषय | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | रसायन | 01 |

आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर दिनांक 16/01/2024 तक प्राप्त किये जायेंगे। बाद में प्राप्त आवेदन अमान्य होंगे।

Principal
Late Thakur Maharaj Singh
Govt. College Thankhamaharia
Distt-Bemetara (C.G.)

जी-07061/3



**POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR**
**(2nd Call)**
**Notice Inviting Tender**

No. PHQ/SIB/Sec-9/ 92 /2024 Raipur, Dated: 10/01/2024

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from manufacturers (OEM) or authorized firm of manufacturer's (only one firm) for the following items :-

| Sl. No. | Name of Items | Qty.(No.) | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | Spy Power Bank | 05 | 33,750/- |
| 2 | Hidden Camera Detector | 05 | 15,000/- |
| 3 | RF Frequency Recorde | 02 | 6,000/- |

Note - Quantity will be variable.
The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| a) | Address for submission of Tender Document :- | Block No.4, Ground Floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur Chhattisgarh. |
| b) | Last Date and Time of Submission on Bids | 01/02/2024 till 03.00 pm |
| c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | Block No. 1, Room No.105, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh. 01/02/2024 at 4:00 pm |
| d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid :- | Shall be intimated later. |
| e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the last date of submission of the Bid. The validity period will be extended with mutual consent. |

Note :-
1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.
2. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee of Rs. 3000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favour of Director General of Police, Chhattisgarh, Police Headquarters, Atal Nagar Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3000/- to be deposited in the Head of A/c- 0055-Police- 800- other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition.
3. Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required.
4. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03.00 pm on 04/02/2024 at Block No.4, Ground Floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.

G-07066/2

I.G. of Police (SIB)
For- Director General of Police

# विस अध्यक्ष रमन और मुख्यमंत्री साय दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शाह से मिले





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली प्रवास पर हैं। दिल्ली में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। विस अध्यक्ष ने दोनों को विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। श्री शाह ने 21 जनवरी को कार्यक्रम में आने की सहमति दी है। मुख्यमंत्री ने भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कुछ अन्य केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की। नई दिल्ली में मुख्यमंत्री श्री साय ने गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर गृहमंत्री से चर्चा की। श्री साय ने श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री यादव के साथ विभिन्न विभागीय गतिविधियों के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय से नई दिल्ली के भारत मंडपम में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास, आवास और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुलाकात कर उनको शुभकामनाएं दी। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी थे। दिल्ली में आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री श्री साय से छत्तीसगढ़ सदन में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हुडको से संबंधित गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा भी की।

■ शाह ने दी विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में आने की सहमति

### उपराष्ट्रपति को किया छत्तीसगढ़ आमंत्रित

आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आत्मीय संवाद किया। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन ने उपराष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रमन का विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला दिल्ली दौरा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। डा. रमन ने केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# जेलों में कैदियों की ज्यादा संख्या को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब, शासन ने कहा- रायपुर-बिलासपुर में बनेगी स्पेशल जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**छत्तीसगढ़ की जेलों में क्षमता से ढाई गुना ज्यादा कैदी, हाईकोर्ट ने पूछा- कब तक पूरा होगा काम**

छत्तीसगढ़ की जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी रखने और उनकी समस्याओं को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की। आरटीआई के तहत मिली जानकारी के आधार पर लगाई गई जनहित याचिका में कहा गया है कि प्रदेश की 5 केंद्रीय, 10 जिला जेल और 12 उप जेलों में तय क्षमता से ज्यादा कैदियों और बंदियों को रखा गया है।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन से लिखित में जवाब देकर यह बताने कहा है कि स्पेशल जेल और नए जेलों का काम कब तक पूरा हो जाएगा। इसके लिए चार हफ्ते का समय दिया गया है। अगली सुनवाई फरवरी में होगी। मामले की सुनवाई 10 साल से चल रही है।

बिलासपुर के शिवराज सिंह ने हाईकोर्ट में ये जनहित याचिका लगाई है। जनहित याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के 5 केंद्रीय, 10 जिला जेल और 12 उप जेल में तय क्षमता से ज्यादा कैदियों और बंदियों को रखा गया है। इसके चलते जेलों में भारी अव्यवस्था है। जेलों में साफ-सफाई और कैदियों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर जेल मुख्यालय को रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य संचालनालय को सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर जेल मुख्यालय को जेलों में सुविधाएं मुहैया करानी है। इस नियम का भी पालन नहीं हो रहा है। शासन ने हाईकोर्ट को बताया कि इस समस्या को दूर करने के लिए लेकर रायपुर और बिलासपुर में स्पेशल जेल का निर्माण किया जा रहा है। स्पेशल जेल बनने के बाद कैदियों को रखने की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। वहीं, बेमेतरा में खुली जेल शुरू करने की योजना है। सरकार के वकील ने तब कहा था कि रायपुर जिले में विशेष जेल के लिए जमीन मिल गई है।



### शासन ने माना था, हालत संतोषजनक नहीं

राज्य शासन ने माना था कि प्रदेश की जेलों में हालात संतोषजनक नहीं हैं। शासन ने यह भी बताया था कि अव्यवस्था दूर करने लगातार कोशिश की जा रही है। हालांकि अभी तक जेलों की स्थिति में सुधार नहीं हो सका है। इस बीच जेल के कैदियों ने हाईकोर्ट को पत्र लिखकर समस्याएं बताई थी। लेटर को हाईकोर्ट ने पत्र याचिका मानकर सुनवाई शुरू की। इस मामले में कोर्ट ने एडवोकेट रणवीर सिंह को न्याय मित्र नियुक्त किया था। उन्होंने जेलों की स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट भी पेश की थी। तब से लेकर केस की लगातार सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट ने पहले शासन से जेलों में हो रहे सुधार और कार्य योजना पर एक शपथपत्र पेश करने को कहा था, लेकिन अब तक शासन ने कोई जवाब नहीं दिया है। इस केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीजीपी को लिखित जवाब पेश करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है।

**कार्यालय बहतराई प.ह.न. 48 रा.नि.म. मोपका तहसील एवम जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/ /सीमांकन/पटवारी/2023
बिलासपुर, दिनांक 10/01/2024

प्रति, 1. आवेदक पुनम शर्मा पति जय गोविन्द शर्मा 2. मालिक राम 3. संतोष कुमार मौर्य पि, राम जी मौर्य 4. आशीष गुप्ता पि. राम निवास गुप्ता 5. मो. इकबाल पि मौलाना 6. रमेश यादव एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने के संबंध में
सन्दर्भ :- न्याया. अति तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र ........../......./ तह/वा/2023 बिलासपुर दिनांक 02/02/2023 के अनुसार

अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदक, पुनम शर्मा पति जय गोविंद शर्मा निवासी जरहाभाठा के द्वारा ग्राम बहतराई प.ह.न. 48 रा.नि.मं. मोपका तहसील एवम जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा न. 283/4 रकबा क्रमश:: 0.07 0.028 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय अति तह. बिलासपुर को आवेदन किया गया हैं।

संदर्भित न्यायालय आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/01/2024 समय 10.00 बजे से किया जाना हैं आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सम्बंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे।

**पटवारी प.ह.न. 48**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला- जांजगीर चांपा छ.ग.**

रा.प्र.क............अ-06/2022-23
सरहर दिनांक 28.12.2023
राजस्व मामले की नोटिस

अमिता साहू पिता स्व. रामसिंह साहू +06 अन्य निवासी ग्राम सरहर तहसील सारागांव जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)................ अपीलार्थी

विरूद्ध

नीलम कुमार साहू पिता स्व. रामसिंह साहू +04 अन्य निवासी ग्राम सरहर तहसील सारागांव जिला- जांजगीर चांपा छ.ग............ .....उत्तरवादीगण

प्रति,
1 नीलम कुमार साहू पिता स्व. रामसिंह साहू
2. केरोबाई साहू पति स्व. रामसिंह साहू दोनों निवासी ग्राम सरहर तहसील सारागांव
3. मुकुंद साहू पिता स्व. साहेबलाल
4. जयंती साहू पिता स्व. साहेबलाल
5. कमला साहू पति स्व. साहेबलाल सभी निवासी सरहर तह. सारागावं हा.मु. रिंगरोड महादेव गली बौरीपारा अम्बिकापुर तह. व जिला- अम्बिकापुर (छ.ग.)

अपीलार्थी अमिता साहू पिता स्व. रामसिंह साहू +06 अन्य निवासी ग्राम सरहर तह. सारागावं जिला जांजगीरर चांपा (छ.ग.)ने उपस्थित होकर न्यायालय तहसीलदार सक्ती के राजस्व नामांतरण पंजी कमांक 29 में पारित आदेश दिनांक 09.06.2016 मौजा सरहर के विरूद्ध राजस्व अपील अतंर्गत धारा 44 (1) छ.ग.भू.रा.सं. के अंतर्गत 1959 के अंतर्गत दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रकरण में उत्तरवादीगणों की उपस्थिति / सुनवाई हेतु दिनांक 22.01.2024 नियत किया गया है। नियत दिनांक को आप न्यायालय में स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। नियत दिनांक तक उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षिय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा । मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 28.12.2023 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

# तातापानी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/रामानुजगंज

मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में होने वाले भव्य महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सीएम श्री साय 14 जनवरी को तातापानी महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। इसके साथ ही महोत्सव में इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर प्रतिभागी अबूझमाड़ मलखंब का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव में ट्राइबल फैशन वॉक व स्थानीय कला संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी जबकि बॉलीवुड सिंगर उदित नारायण, भोजपुरी गायक निरहुआ कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे। तातापानी महोत्सव को लेकर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह व जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 14 से 16 जनवरी तक तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 14 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आमंत्रित कलाकार भी अपनी कला की प्रस्तुति देगें। साथ ही कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ट्रायबल फैशन वॉक के साथ आदिवासी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शिव प्रतिमा प्रांगण में लेजर शो के माध्यम से दो दिवसीय प्रदर्शनी की जाएगी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखण्ड, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिनके लिए जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। तातापानी महोत्सव की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप देने के साथ ही रंग-रोगन, स्थल की साफ सफाई और परिसर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। तातापानी महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गायक सुनील सोनी एवं टीम के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर प्रतिभागी अबुझमाड़ मलखंब टीम के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 15 जनवरी को बॉलीवुड के फेमस गायक उदित नारायण के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 16 जनवरी को जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा तथा पण्डो को तातापानी भ्रमण कार्यक्रम एवं सम्मेलन आयोजित कर मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही महोत्सव के समापन अवसर में भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल निरहुआ अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे।

# स्कूलों का औचक निरीक्षण, 4 शिक्षक गायब, कटेगा एक दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बम्हनीडीह बीईओ ने सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इसी के तहत जब शासकीय हाईस्कूल हथनेवरा का निरीक्षण किया। इस बीच 4 शिक्षक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित शिक्षकों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल के साफ सफाई व्यवस्था को लेकर प्राचार्य को जमकर फटकार लगाई।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान बुधवार 10 जनवरी को स्कूलों के निरीक्षण पर निकले और अव्यवस्था पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए नियमित समय पर शाला संचालन करने की हिदायद दी। बीईओ के निरीक्षण के दौरान शासकीय हाईस्कूल हथनेवरा के तीन व्याख्याता एलबी और एक विज्ञान सहायक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा नजदीक है ऐसे समय मे शिक्षको की इस तरह की लापरवाही ठीक नही है। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि व्यवस्था सुधारे नही तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। दसवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी छात्रों को कराए ताकि उनको परीक्षा के समय कोई परेशानी न हो।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/24/1, तिथि: 02.01.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03231985 | किट फॉर लोकल लोकिंग अरेंजमेंट फॉर सेंटर पिवोट पिन | 15.01.2024 At 10:30 hrs | 11768 सेट |
| 2 | 03231401 | एयर ब्रेक होज कपलिंग सपोर्ट फॉर वैगन | 22.01.2024 At 10:30 hrs | 28056 नग |
| 3 | 02234224B | कनवर्टर मॉड्यूल सीएम-एम 2801 डब्ल्यू 50-8 | 29.01.2024 At 10:30 hrs | 04 नग |
| 4 | 02234225B | कनवर्टर मॉड्यूल सीएम-एम 2801 डब्ल्यू 34-8 | 29.01.2024 At 10:30 hrs | 04 नग |
| 5 | 03233409 | क्रॉस रिज स्टे फॉर बॉबआरएन वैगन टू आर डी एस ओ | 01.02.2024 At 10:30 hrs | 300 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

*प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक-/*
*द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर*

*सीपीआर/10/370*

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

नि.क्रं.37/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2023-24 बिलासपुर दिनांक 10/01/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 25/01/2024 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि अन्तर्गत वार्ड क्रं. 31 बोहरा कब्रिस्तान खपरगंज में अतिरिक्त निर्माण कार्य। | 05.00 |
| 2 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 तक विभिन्न स्थानों पर प्री कास्ट स्लैब निर्माण एवं विभिन्न मरम्मत कार्य। | 03.34 |
| 3 | विधायक निधि अन्तर्गत वार्ड क्रं. 34 सामुदायिक भवन (अहिरवार समाज) के पास नाली निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य। | 03.00 |
| 4 | विधायक निधि अन्तर्गत वार्ड क्रं. 34 संत रविदास चौक के पास सार्वजनिक स्नानागार का निर्माण कार्य। | 02.00 |
| 5 | पार्षद निधि अन्तर्गत वार्ड क्रं. 36 कतियापारा भोई समाज भवन का मरम्मत कार्य। | 01.50 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**जोन कमिश्नर-5**
न.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक / 885/लो. नि.शा./न.पं./2023-24 पुसौर दिनांक 11/01/2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

नगर पंचायत पुसौर द्वारा अध्यक्ष / पार्षद निधि / मरम्मत संधारण मद अंतर्गत निम्नलिखित NON SOR कार्यो हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से सीलबंद त्रि-लिफाफे पद्धती में स्पीड पोस्ड / पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (रु. लाख में) | तिथि का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.03 सोढ़ापाठ में निर्माणाधीन गार्डन में अतिरिक्त कार्य | 5.00 | (1) आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि 29-01-2024 समय शाम 5.00 बजे तक<br>(2) निविदा प्रपत्र प्रदाय करने हेतु अंतिम तिथि 31-01-2024 समय शाम 5.00 बजे तक<br>(3) निविदा प्रपत्र जमा हेतु अंतिम तिथि 06-02-2024 समय शाम 03.00 बजे तक एवं<br>निविदा खोले जाने हेतु तिथि 06-02-2024<br>समय- शाम 4.00 बजे |
| 2. | आत्मानंद स्कूल व गांधी चौक के पास छोटा गार्डन निर्माण कार्य | 3.00 | |
| 3. | वार्ड क्र.06 कसेरा भवन के पास छोटा उद्यान निर्माण कार्य | 5.00 | |
| 4. | वार्ड 08, 12 वं 13 में स्थित सामुदायिक भवन हेतु साउण्ड सिस्टम प्रदाय कार्य | 6.00 | |
| 5. | सूरजगढ़ महानदी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटकवेल का मरम्त कार्य | 5.00 | |

टीप:- (1) उपरोक्त कार्यो की निविदा शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, अमानत राशि एवं अन्य नियम शर्ते कार्यालयीन दिवस व समय में कार्यालय में अवलोकन / प्राप्त किया जा सकता है एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, पुसौर**

### लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** लंबे समय से फरार स्थायी गिरफ्तारी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नही होने से न्यायालय जांजगीर द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। गौरतलब है कि जिला पुलिस द्वारा फरार स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों को लगातार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर का विचाराधीन आरोपी लाला राम यादव निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण जो नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नही होने से माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, वारंट की तामिली हेतु थाना अजाक को प्राप्त होने पर मुखबीर सूचना से आरोपी को उसके सकुनत से गिरफ्तार किया गया है। जिसे 11 जनवरी को न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि रामेश्वर यादव, आरक्षक मंगल सिंह नेताम, हरिराम कंवर, राजू भारद्वाज थाना अजाक का सराहनीय योगदान रहा।

### चोटिल युवक की उपचार के दौरान मौत

**रायगढ़।** सडक़ में गिर जाने से एक युवक को गंभीर चोट लगने से मेकाहारा में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले को विवेचना में लिया है। जशपुर जिला के ग्राम बागबहार निवासी दीपक रौतिया पिता सोमनाथ रौतिया 45 वर्ष रोजी मजदूरी का काम कर परिवार का पालन पोषण करता था। ऐसे में विगत 6 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे घर का सामान लेने के लिए पड़ोस के दुकान जा रहा था।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / रायगढ़ / उक्षेप्र / 2023 / 8001 **सूचना** दिनांक 17.12.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की छाल खुली खान Seam-III परियोजना (6MTY) हेतु भूमि का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957 के धारा 9(1), संवैधानिक आदेश क्रमांक 03, प्रकाशन दिनांक 04/01/2014 के तहत् किया गया है। जिसमें **ग्राम-खेदापाली,** तहसील-छाल, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-प्रभावितों द्वारा नामित अपने प्रत्यक्ष आश्रित उम्मीदवारों को एसईसीएल में कोल इण्डिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 (अवरोही क्रम) के तहत् नौकरी प्रदान करने हेतु प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण में प्रभावित खातेदारों/नामित आश्रितों द्वारा संलग्न किए गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पायी गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | खसरा क्रमांक | रकबा (हेक्टे.में) | Statement-1A के अनुसार खातेदार/सह खातेदार का नाम एवं जाति | नामांकन पत्र अनुसार नौकरी नामांकित व्यक्ति का वास्तविक नाम व जन्मतिथि | नाम में अन्तर वाले व्यक्ति | दस्तावेजों के अनुसार खातेदार/सह खातेदार, बालिग आश्रित तथा नौकरी नामांकित व्यक्ति के नाम (बी-I, पी-II, नामांतरण पंजी, ऋण-पुस्तिका, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची, राशन कार्ड आदि में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 88/1ग<br>93/1य<br>कुल 02 | 0.009हे.<br>0.196हे.<br>0.205 हेक्टेयर (0.50 एकड़) | शिवकुमार पिता कलशराम, जाति सतनामी, | राजेन्द्र वारे पिता शिव वारे जाति सतनामी जन्मतिथि 30.04.2002 | शिव कुमार वारे पिता कलश राम वारे | (1) बी-I वर्ष 2013-14 में शिवकुमार पिता कलशराम, जाति सतनामी है।<br>(2) पी-II वर्ष 2013-14 में शिव कुमार सतनामी है।<br>(3) बी-I वर्ष 2021-22 में शिवकुमार पिता कलशराम, जाति सतनामी है।<br>(4) पी-II वर्ष 2020-2021 में शिवकुमार पिता कलशराम, जाति सतनामी है।<br>(5) ऋण-पुस्तिका में शिवकुमार पिता कलशराम, जाति सतनामी है।<br>(6) आधार कार्ड में शिव कुमार वारे पिता कलश राम वारे है।<br>(7) वंश वृक्ष में शिव कुमार वारे पिता कलश राम वारे है। | दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम खातेदार शिव कुमार वारे पिता कलश राम वारे का ही नाम हैं। |
| | | | | | राजेन्द्र वारे पिता शिव वारे | (1) छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा जारी हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) मार्च- अप्रेल, 2019 प्रमाणपत्र-सह- अंकसूची, कक्षा-दसवीं के अंकसूची में Rajendra Ware S/o Shiv Ware जन्मतिथि - 30.04.2002 है।<br>(2) हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2021 मार्च, 2021 कक्षा - बारहवीं के अंकसूची में Rajendra Ware S/o Shiv Ware है।<br>(3) ITI (C.O.P.A.) में Rajendra Ware S/o Shiv Ware है।<br>(4) स्थाई जाति प्रमाण पत्र में राजेन्द्र कुमार पिता श्री शिव कुमार, जाति सतनामी है।<br>(5) वास्तविक निवास प्रमाण पत्र में राजेन्द्र कुमार वारे पिता शिव कुमार वारे है।<br>(6) आधार कार्ड में राजेंद्र कुमार पिता शिव कुमार है।<br>(7) मतदाता परिचय पत्र में राजेंद्र कुमार पिता शिवकुमार है।<br>(8) वंश वृक्ष में राजेन्द्र कुमार वारे पिता शिव कुमार वारे है। | दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति राजेन्द्र वारे पिता शिव वारे का ही नाम हैं। |
| 2. | 93/1ङ<br>कुल 01 | 0.204हे.<br>0.204 हेक्टेयर (0.50 एकड़) | महेन्द्र कुमार, महेश्वर पिता साहेबलाल, साहेबलाल पिता चैनसिंह, जाति सतनामी | महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे जाति सतनामी जन्मतिथि 02.09.1993 | महेन्द्र कुमार वारे पिता साहेबलाल वारे | (1) बी-I वर्ष 2013-14 में महेन्द्र कुमार पिता साहेब लाल है।<br>(2) पी-II वर्ष 2013-14 में महेन्द्र कुमार पिता साहेबलाल एवं महेन्द्र कुमार वगै. सतनामी है।<br>(3) बी-I वर्ष 2021-22 में महेंद्र कुमार पिता साहेबलाल है।<br>(4) पी-II वर्ष 2021-22 में महेंद्र कुमार पिता साहेबलाल एवं महेंद्र कुमार है।<br>(5) ऋण-पुस्तिका में महेन्द्र कुमार पिता साहेबलाल वगै0 जाति सतनामी एवं महेन्द्र कुमार पिता साहेबलाल है।<br>(6) आधार कार्ड में महेन्द्र कुमार वारे पिता साहेवलाल वारे (Mahendra Kumar Ware S/o Sahevlal Ware) है।<br>(7) वंश वृक्ष में महेन्द्र कुमार वारे पिता साहेबलाल वारे है। | दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम खातेदार महेन्द्र कुमार वारे पिता साहेबलाल वारे का ही नाम हैं। |
| | | | | | महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे | (1) बी-I वर्ष 2013-14 में ना. बा. महेश्वर पिता साहेबलाल है।<br>(2) पी-II वर्ष 2013-14 में महेश कुमार पिता साहेबलाल है।<br>(3) बी-I वर्ष 2021-22 में महेश्वर पिता साहेब लाल है।<br>(4) पी-II वर्ष 2021-22 में महेश्वर पिता साहेब लाल एवं महेश्वर है।<br>(5) ऋण-पुस्तिका में महेश्वर पिता साहेबलाल है।<br>(6) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2009 मार्च, 2009 प्रमाणपत्र- सह- अंकसूची, कक्षा- दसवीं के अंकसूची में MAHESHWAR WARE S/O SAHEB LAL WARE जन्मतिथि - 02.09.1993 है।<br>(7) बी.सी.ए. में MAHESHWAR WARE S/O SAHEB LAL WARE है।<br>(8) स्थाई जाति प्रमाण पत्र में महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे है।<br>(9) वास्तविक निवास प्रमाण पत्र में महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे है।<br>(10) आधार कार्ड में महेश्वर वारे पिता साहेब लाल वारे (Maheshwar Ware S/o Saheb Lal Ware) है।<br>(11) मतदाता परिचय पत्र में महेश्वर वारे पिता साहेब लाल वारे (MAHESHVAR VARE S/O SAHEBLAL VARE) है।<br>(12) राशन कार्ड में महेश्वर वारे है।<br>(13) वंश वृक्ष में महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे है। | दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार एवं नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति महेश्वर वारे पिता साहेबलाल वारे का ही नाम हैं। |
| | | | | | साहेबलाल वारे पिता चैनसिंह वारे | (1) बी-I वर्ष 2013-14 में पा. पि. साहेबलाल पिता चैनसिंह है।<br>(2) पी-II वर्ष 2013-14 में पा. पि. साहेबलाल पिता चैनसिंह सतनामी है।<br>(3) बी-I वर्ष 2021-22 में साहेबलाल पिता चैनसिंह है।<br>(4) पी-II वर्ष 2021-22 में साहेबलाल पिता चैनसिंह एवं साहेबलाल है।<br>(5) ऋण-पुस्तिका में साहेबलाल पिता चैनसिंह है।<br>(6) आधार कार्ड में साहेब लाल वारे पिता चैन सिंह वारे है।<br>(7) वंश वृक्ष में साहेबलाल वारे पिता चैनसिंह है। | दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार साहेबलाल वारे पिता चैनसिंह वारे का ही नाम हैं। |

एसईसीएल में उपरोक्त प्रस्तावित नौकरियों हेतु किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो और साथ ही आवेदक भू-स्वामियों व नौकरी हेतु नामांकित व्यक्तियों के पहचान व नाम में भिन्नता के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। SECL/23-24/274

**प्रभारी अधिकारी (भू-राजस्व) छाल उपक्षेत्र, एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र**

## आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▸▸| जकार्ता



**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।

### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

### मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

## खबर संक्षेप



### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर

**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित

**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ



साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया।

## क्रिकेट : तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बनाई 1-0 से बढ़त

# भारत ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया, दुबे की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸| मोहाली

भारत ने गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान पर छह विकेट की आसान जीत से तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 158 रन बनाए। पर यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। इसी के साथ टीम इंडिया ने अफगान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है।

यह भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत है। एशियाई खेलों के बाद अपना पहला टी20 खेल रहे शिवम दुबे (नाबाद 60 रन) ने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। दुबे और तिलक वर्मा (26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 44 रन जोड़े जिससे भारत ने चार ओवर में सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद लय हासिल की। पारी की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा गफलत का शिकार हुए जिनकी 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी हुई। रोहित ने एक रन लेने के लिए शुभमन गिल (23 रन) को पुकारा लेकिन वह मिड ऑफ पर देख रहे थे और उन्होंने रोहित को भागते हुए नहीं देखा। गिल अपनी क्रीज पर खड़े रहे और फिर रोहित भी उनकी तरफ पहुंच गए। विकेटकीपर ने थ्रो लेकर आसान रन आउट किया। इसके बाद रोहित अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके।

### सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 को इंदौर में खेला जाएगा



### पहली द्विपक्षीय सीरीज

भारत के खिलाफ अफगानिस्तान टीम की यह ऐतिहासिक सीरीज है। दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके अलावा भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। जबकि अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज का इंतजार है।

### नबी ने बनाए 42 रन

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तानी टीम ने 5 विकेट पर 158 रन बनाए थे। टीम के लिए मोहम्मद नबी ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली। जबकि अजमतुल्ला उमरजई ने 29 रन बनाए। मैच में नबी और उमरजई ने चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 68 की पार्टनरशिप की। भारत के लिए अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। एक सफलता शिवम दुबे ने लिया।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज स्ट जितेश बो पटेल | 23 | 28 | 2 | 1 |
| जदरान का रोहित बो दूबे | 25 | 22 | 2 | 1 |
| ओमरजई बो मुकेश कुमार | 29 | 22 | 2 | 1 |
| रहमत शाह बो पटेल | 03 | 06 | 0 | 0 |
| नबी का रिंकू सिंह बो मुकेश | 42 | 27 | 2 | 3 |
| नजीबुल्लाह जदरान नाबाद | 19 | 11 | 4 | 0 |
| करीम जनत नाबाद | 09 | 05 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 158/5
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-1-28-0, मुकेश 4-0-33-2, अक्षर 4-0-23-2, सुंदर 3-0-27-0, शिवम 2-0-9-1, बिश्नोई 3-0-35-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| गिल स्ट गुरबाज बो मुजीबुर | 23 | 12 | 5 | 0 |
| तिलक का नईब बो ओमरजई | 26 | 22 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 60 | 40 | 5 | 2 |
| जितेश का इब्राहिम बो मुजीबुर | 31 | 20 | 5 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 17.3 ओवर में 159/4
गेंदबाजी : फारुकी 3-0-26-0, मुजीबुर 4-1-21-2, नबी 2-0-24-0, नवीनुल हक 3.3-0-43-0, ओमरजई 4-0-33-1, नईब 1-0-12-0.



### क्वालीफायर से कटाएंगे ओलंपिक का टिकट

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने गुरुवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया लेकिन अब उन्हें यकीन है कि शनिवार से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए वह पेरिस का टिकट कटाएंगे। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिए सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकी भारतीय टीम यहां क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेगी। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में भाग ले रही आठ में से शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक खेलेंगी।

### टी20 टीम में विराट के चयन से हैरान नहीं

**गक्बेरहा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स अपने दोस्त विराट कोहली के टी20 विश्व कप में खेलने की संभावना से तनिक भी हैरान नहीं है और उनका कहना है कि विराट ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर का प्रबंधन बखूबी किया है। कोहली ने आखिरी टी20 नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में खेला था। डिविलियर्स ने कहा, 'मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। मैं विराट और रोहित के लिए बहुत खुश हूं। आप टी20 विश्व कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजकर जीतना चाहते हैं।'



### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय आल राउंडर रैना का अनुमान

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया।

रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।' रैना की राय




में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'

### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है।

# अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा





एजेंसी ▸▸| जगरेब

भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद काराबुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया।

हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

## शब्द पहेली - 5392



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.बीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5391 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | य | न | या | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | य |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5402

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |




# किसान मेला और संगोष्ठी आज और कल खपरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ प्रदेश के उन्नतशील किसानों का एक संगठन है, जिसमें लगभग 8000 किसान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। 12 और 13 जनवरी को छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कार्यालय खपरी कुम्हारी में किसान मेला और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य व उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप के विशिष्ठ आतिथ्य में यह आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोसेवाडा अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश सचिव भूपेंद्र दुबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संघ कार्यालय भवन में किसानों के प्रशिक्षण कार्यशाला वर्ष भर जारी रहता है। विगत 1 वर्ष में केला की खेती से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम, ड्रिप सिंचाई का रखरखाव व जल प्रबंधन, कुंदरु और परवल की उत्तम खेती, जमीन विकास व ट्रैक्टर ऑपरेशन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## संघ ने किसानों को बांटे पौधे

छत्तीसगढ़ में धान की खेती के अलावा फसल परिवर्तन योजना पर जोर देते हुए क्षेत्र के मौसम के अनुरूप फसल चयन सलाह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत संघ के किसानों को नारियल और कटहल की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। संघ द्वारा किसानों को 20 हजार कटहल के पौधे और 6000 नारियल के पौधों का वितरण किया गया है। इससे 120 किसानों ने फसल परिवर्तन करते हुए यह पौधे लगाए हैं।

# अयोध्या साइकिल यात्रा पर निकला नक्सलगढ़ का युवक




लीलाधर राठी/सुकमा

नक्सल प्रभावित सुकमा के दोरनापाल से अयोध्या के लिए साइकिल यात्रा पर युवक रवाना हुआ है। युवक जय मंडल ने बताया कि साइकिल यात्रा पर अयोध्या के लिए निकला है, इस यात्रा का मुख्य कारण यह है कि उनके क्षेत्र में शहीद जवानों को दो दिन स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के दिन ही याद करते हैं। शहीद वीर जवानों को हमेशा याद करें। इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए वह साइकिल से अयोध्या के लिए निकला है। वह अयोध्या के बाद जम्मू कश्मीर (वैष्णो देवी), केदारनाथ, बदरीनाथ भी जाएगा।

**यात्रा के लिए बेच दिया लैपटॉप**

वीर शहीदों के नाम पर नक्सल प्रभावित ग्राम दोरनापाल से अयोध्या सहित अन्य धार्मिक नगरी की यात्रा पर निकले जय मंडल ने बताया कि यात्रा 6 माह के लगभग की होगी, इस यात्रा को लेकर शुरू से ही उत्साहित था और परिजनों का पूरा सहयोग भी मिला। मंडल ने कहा कि यात्रा करने से पूर्व पैसे की कमी थी, इसलिए अपने लैपटॉप को 15000 रुपये में बेचकर साइकिल खरीद लिया।

# जब उपमुख्यमंत्री पहुंचे सब्जी बेचने वाली बुजुर्ग के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के पिपरिया नगर पंचायत में साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर सब्जी-भाजी बेचने वाली बुजुर्ग माता से बातचीत की। उन्होंने सब्जी-भाजी के भाव भी पूछे। उन्होंने कहा कि उन्हें मौसमी हरी सब्जियां बहुत पसंद है। लाल, पालक और मेथी की भाजी पसंद है। उपमुख्यमंत्री ने बुजुर्ग माता से देशी अमरूद (बिही) भी खरीदे। उन्होंने अपने जेब से पैसे निकालकर बुजुर्ग महिला को अमरूद के पैसे भी दिए। बाजार में बैठे आमजन और सब्जी बेचने वाले लोग उपमुख्यमंत्री की सहज,सरल, सादगी और विनम्र व्यवहार से बहुत प्रभावित हुए। बता दे कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज गुरुवार को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे।

# गले में फंसा था सिक्का 12 साल बाद निकाला

**उज्जैन।** उज्जैन में एक लड़की के गले में 12 साल तक एक रुपए का सिक्का फंसा रहा। तकलीफ बढ़ने पर डॉक्टर ने बड़ी मशक्कत के बाद सिक्का निकाल दिया। डॉक्टर की मानें तो 12 साल तक लड़की के गले में सिक्का छिपा रहा, जो एक्स-रे में भी नहीं दिखा था। फिलहाल, जिसे भी इस घटना का पता चल रहा है, वह हैरत में पड़ जा रहा है। इंदौर में रहने वाली नाजमीन के पिता फारूक खान का कहना है कि करीब आठ वर्ष की उम्र में नाजमीन के गले में 1 रुपए का सिक्का फंस गया था। उस वक्त हमने पीठ थपथपाई तो उसने उल्टी की। फिर सामान्य हो गई।




# इकलौता देश, जहां की जाती है अपराधियों की पूजा, मंदिरों व घरों में रखते हैं मूर्तियां

एजेंसी ▶▶| वेनेजुएला

दुनिया के लगभग हर मुल्क में अपराधियों को बुरी नजर से देखा जाता है। लोग उनसे नफरत करते हैं लेकिन वेनेजुएला दुनिया का ऐसा अनोखा मुल्क है जहां अपराधियों की पूजा की जाती है। अपराधियों को देवता के तौर पर माना जाता है। गैंगस्टरों को देवता के तौर पर देखा जाता है। लोग मंदिरों में उनकी तस्वीर लगाकर रखते हैं। भगवान की तरह चढ़ावा चढ़ाते हैं। उनकी महिमा गाकर सुनाते हैं।



## वजह जानकर आप हैरान रह जाएंगे

कहानी है लैटिन अमरीकी देश वेनेजुएला की। रिपोर्ट के मुताबिक, एक वक्त वेनेजुएला में भारी अराजकता थी। तब ह्यूगो शावेज के उत्तराधिकारी निकोलस मादुरो का राज था। जुर्म का बोलबाला था। चारों ओर हत्या, चोरी-डकैती जैसी वारदातें होती थीं लेकिन इनमें एक खास बात थी, चोरी करने वाले, लूटमार करने वाले लोग गरीबों को परेशान नहीं करते थे। उन्होंने किसी गरीब की हत्या नहीं की। अमीरों को लूटकर दौलत को गरीबों में बांट दिया करते थे। यहीं से उनके प्रति लोगों में प्यार पैदा हुआ और अपराधियों को ही अपना रक्षक मान लिया।







**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BALRAMPUR:** Mahishree Honda - 8085554030; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; DIPKA: Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; KC Honda (Champa) - 8319235702; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000..

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com